प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 18.11.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने छठे राष्ट्रीय जल पुरस्कार समारोह में उत्तरी ज़ोन में सर्वश्रेष्ठ जिले के तौर पर मिर्जापुर को दिया पहला पुरस्कार : वाराणसी ने दूसरे और जालौन ने तीसरे स्थान पर बनाई जगह।
2. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज गोरखपुर में क्षेत्रीय विधि विज्ञान प्रयोगशाला के नवीन भवन का किया लोकार्पण : कहा– आधुनिक फॉरेंसिक साइंस लैब्स के जरिए अपराधों पर लग रही है लगाम।
3. अयोध्या में ध्वजारोहण समारोह को लेकर मुख्यमंत्री ने की तैयारियों की समीक्षा : राम मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र ने कहा– प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों शुभ मुहर्त में फहराया जाएगा धर्म ध्वज। और
4. सोनभद्र में खदान दुर्घटनास्थल पर राहत बचाव कार्य पूरा, खदान में फंसे सभी 7 लोगों के शव बरामद : जिलाधिकारी बीएन सिंह ने कहा पीड़ित परिवारों को सरकार देगी हर संभव सहायता।

———————

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आज नई दिल्ली में आयोजित समारोह में छठे राष्ट्रीय जल पुरस्कार और जल संचय–जन भागीदारी पुरस्कार प्रदान किए। इस समारोह में दस

श्रेणियों में 46 विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए गए। उत्तरी ज़ोन में जल संचय जन भागीदारी पहल के तहत सर्वश्रेष्ठ जिले के तौर पर मिर्जापुर को पहला पुरस्कार मिला। इसी श्रेणी में वाराणसी दूसरे और जालौन तीसरे स्थान पर रहा। वहीं आगरा को सर्वश्रेष्ठ शहरी स्थानीय निकाय श्रेणी में तीसरे पुरस्कार से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति ने पुरस्कार विजेताओं को जल संरक्षण के उनके प्रयासों के लिए बधाई दी और जल की उपलब्धता और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सभी से मिलकर काम करने का आग्रह किया। उन्होंने इस बात पर ज़ोर दिया कि जलवायु परिवर्तन आज के समय में जल चक्र को प्रभावित कर रहा है। बाइट

*जल का सक्षम उपयोग एक वैश्विक अनिवार्यता है। हमारे देश के लिए जल का समक्ष उपयोग औरभी अधिक आवश्यक है। क्योंकि हमारे देश की जनसंख्या की दृष्टि से हमारे जलसंसाधन बहुत समिति हैं। ऐसे स्थिति में सरकार और जनता को मिलकर वॉटर अवेलिबिलिटी और वॉटर सिक्योरिटी के लिए निरंतर प्रयासरत रहना चाहिए।*

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यह सम्मान मिलने पर प्रदेशवासियों को बधाई दी है। एक सोशन मीडिया पोस्ट में उन्होंने लिखा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से प्रदेश जल संरक्षण की दिशा में नए मानक स्थापित कर रहा है।

———————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज गोरखपुर में उच्चीकृत क्षेत्रीय विधि विज्ञान प्रयोगशाला के नवीन भवन

का लोकार्पण किया। इस छह मंजिला हाईटेक नवीन भवन के निर्माण पर 72 करोड़ 78 लाख रुपये की लागत आई है।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि 2017 से पहले प्रदेश मेंसिर्फ चार फॉरेंसिक साइंस लैब थीं। सरकार ने हर कमिश्नरी में एक फॉरेंसिक साइंसलैब बनाने का निर्णय लिया जिसके तहत पिछले आठ वर्षों में इनकी संख्या बढ़कर 12 होगई है। इन लैब्स की मदद से पीड़ितों को सहज, सुगम और समयबद्ध न्याय उपलब्धहो रहा है। बाइट.....

*18 कमिश्नरी उत्तर प्रदेश में है। हर कमिश्नरी में एक लैब हो। उसके लिए हम लोगों ने छह अन्य स्वीकृत करके वे आज निर्माणाधीन है। यह सभी लैब बन जाएंगे तो 18 लैब्स हमारे पास प्रदेश में होंगे और वह लैब भी केवल सामान्य नहीं, जिनमें हर प्रकार के फॉरेंसिक साइंस से जुड़े हुए उस पहलू की जांच की जा सकती है जिससे अपराधी के खिलाफ एक ठोस साक्ष्य समय पर हम न्यायालय में प्रस्तुत करके उसे दंडित करवा सके और एक पीड़ित व्यक्ति को न्याय दिला सके।*

————————

मुख्यमंत्री ने आज अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के ध्वजारोहण समारोह की तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक की। बैठक में पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों के साथ राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट और राम मंदिर निर्माण समिति के पदाधिकारी भी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री को मंदिर निर्माण की वर्तमान स्थिति और आगामी चरणों की जानकारी दी गई साथ ही ध्वजारोहण की तैयारियों का

विस्तृत ब्यौरा पेश किया गया। 25 नवंबर को होने वाले ध्वजारोहण में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रस्तावित आगमन को लेकर मुख्यमंत्री ने स्थलीय निरीक्षण किया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। राम मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र ने बताया कि समारोह में प्रधानमंत्री के हाथों शुभ मुहूर्त में धर्म ध्वज फहराया जाएगा। बाइट.....

*सभी चीजें देखी गई जिस रूप से आदरणीय प्रधानमंत्री जी मंदिर परिसर में आएंगे तो उसका विस्तार से निरीक्षण किया गया। उनके कार्यक्रम में जो महत्वपूर्ण चीज जोड़ी गई है वह यह है कि जो सप्त ऋषियों का मंदिर है उन सभी मंदिरों में वह जाकर प्रार्थना करेंगे। प्रधानमंत्री जी का कार्यक्रम मंदिर में होगा संबोधन के पहले ध्वजारोहण 11.58 से लेकर लगभग 1.00 तक का शुभ मुहूर्त है।*

——————————

## ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

——————————

भारत निर्वाचन आयोग के निदशानुसार देश के 12 राज्यों में विशेष गहन पुनरीक्षण कराया जा रहा है। इसके

तहत प्रदेश में प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में घर–घर जाकर गणना प्रपत्र बांटने का काम जारी है। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि एसआईआर के तहत, राज्य में लगभग 98 प्रतिशत मतदाताओं को फॉर्म वितरित किए जा चुके हैं। उन्होंने बताया कि फॉर्म भरने की प्रक्रिया बेहद आसान है और लोगों को भ्रमित होने की ज़रूरत नहीं है। बाइट.....

*यह बहुत बड़ी एक्सरसाइज उत्तर प्रदेश में हो रही है जो एसआईआर की एक्सरसाइज है। वोटर से अपेक्षा यह है कि जो एन्यूमरेशन फॉर्म है, उसको भरके और हस्ताक्षर करके बीएलओ को वापस देना। केवल वोटर को अपना एक पासपोर्ट साइज का लेटेस्ट फोटोग्राफ देना है और अपने माता–पिता का नाम लिखना है उस एन्यूमरेशन फॉर्म में। बाकी कुछ उसमें सूचनाएं और मांगी गई है, बड़ी आसान सी है।आपकी जन्मतिथि, आपका मोबाइल नंबर, आधार, वैकल्पिक है, अगर देना चाहे तो।*

वहीं उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने एसआईआर अभियान को लोकतंत्र की मजबूती के लिए ज़रूरी बताया।

———————

नरेन्द्र मोदी सरकार द्वारा कई क्षेत्रों में जीएसटी दरों में कटौती के साथ 22 सितम्बर को शुरू किए गए जीएसटी बचत उत्सव से देशभर के नागरिकों को लाभ हो रहा है। अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधारों से अर्थव्यवस्था को मिल रही मज़बूती पर पेश है एक रिपोर्ट......

*नए जीएसटी सुधार कारीगरों, किसानों और छोटे व्यवसायों के लिए एक बड़ा प्रोत्साहन है। प्रमुख क्षेत्रों में कर की दरों को कम करके, ये सुधार उपभोक्ताओं के लिए वस्तुओं को अधिक किफायती बना रहे हैं और साथ ही*

*स्थानीय व्यापारियों के आय आधार को मजबूत कर रहे हैं। प्रसंस्कृत चाय पर जीएसटी 18 प्रतिशत से घटाकर पांच प्रतिशत कर दिया गया है। इसी प्रकार जूट उत्पादों पर जीएसटी 12 प्रतिशत से घटाकर पांच प्रतिशत कर दिया गया पारंपरिक हस्तशिल्प पर अब 12 प्रतिशत की जगह सिर्फ पांच प्रतिशत जीएसटी लग रह है, जिससे उनकी मूल्य प्रतिस्पर्धात्मकता में सुधार होगा और कारीगरों की आजीविका संरक्षित होगी। समर्थ के साथ नितिका गुप्ता, आकाशवाणी समाचार, नई दिल्ली।*

——————————

सोनभद्र ज़िले के बिल्लो मारकुंडी स्थित खदान दुर्घटना स्थल पर रेस्क्यू ऑपरेशन पूरा हो गया है। खदान में फंसे सभी 7 लोगों के शव बरामद हो गए हैं। पहला शव दुर्घटना के पहले दिन यानी शनिवार को बरामद हुआ था और कल चार और शव मिले। कल रात भी बचाव दल ने खदान में फंसे दो और मज़दूरों के शव बरामद किए। दुर्घटना में मारे गए सभी लोगों की पहचान हो गई है । ज़िलाधिकारी बीएन सिंह ने बताया कि दुर्घटना के पीड़ितों के परिवारों को केंद्र और राज्य सरकारों से सहायता दी जाएगी। बाइट.....

*हम लोग का रेस्क्यू चल रहा था। अब यह एनडीआरएफ के तरफ से कहा जा रहा है कि उन्होंने दो बार सारे मलबे की जांच कर ली है और सात डेड बॉडीज रिकवर हुई हैं। उसके परिवार जन ने पहचान भी कर लिया है। अब जो हमारी दूसरी प्राथमिकता है, इनके परिवार को राहत उपलब्ध कराना। भारत सरकार और उत्तर प्रदेश सरकार की योजनाओं के अंतर्गत इन्हें श्रम विभाग, महिला कल्याण विभाग, समाज कल्याण विभाग द्वारा जो सहायता मिल सकती है, उसके लिए हम लोगों ने टीमें इनके घर भेजी हैं,और जल्दी से जल्दी उद्देश्य है कि इन्हें जो राहत मिले।*

——————————

प्रदेश के समाज कल्याण राज्य मंत्री संजीव गोंड की उपस्थिति में आज लखनऊ में चल रहे जनजाति भागीदारी उत्सव का रंगारंग समापन हुआ। इस मौके पर राज्यमंत्री ने उत्सव में आए देश भर के कलाकारों की कला–संरक्षण की प्रतिबद्धता की सराहना की। उन्होंने कहा कि जनजाति समाज के उत्थान के लिए प्रदेश सरकार लगातार काम कर रही है। ऐसे उत्सव न केवल कला का उत्सव हैं, बल्कि यह समाज को विविधता में एकता की सीख भी देते हैं।

——————————

गौतमबुद्ध नगर के शहीद विजय सिंह पथिक स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में चल रहे विश्व मुक्केबाजी कप फ़ाइनल में आज अरुंधति चौधरी ने जर्मनी की तीन बार की विश्व कप पदक विजेता लियोनी मुलर को हराकर फाइनल में जगह बनाई।

(समाप्त)